The Second Pay Commission tried to bring about a system out of chaotic conditions of the wage-structure. In 1957-58, they grouped all the employees at that time into 140 pay scales But because of the change that has taken place both in the number and the quality of service employees during the last 14 years, what has happened is that the pay-scales, in 1971-72, increased from 140 to 500 pay-scales. It was mostly because there were people who came from the scientific and special and professional sides. The science cadre came up; the economic cadre came up; all the various specialised service cadres came up. IAS cadre was already there. Now, the number of pay-scales had gone up. Then perquisites had gone up The chaotic conditions were created This is not only the situation with respect to Government employees taken together as one group but it is so even inside the workshop employees of the Government, mostly the Defence depots, the railway workshops and Posts & Telegraphs where more than seven lakhs of employees who are blue-collared employees, who come under the Factories Act and factory regulations. Out of 30 lakhs, more than seven lakhs of employees are working in these workshops. I am taking only these blue-collared workers. There also, the change in their composition has taken place. At the time of Second Pay Commission, 40 per cent were unskilled workers in these workshops of three or four major departments of Government. The percentage of unskilled people in these government workshops at present is hardly 27. At the same time we find that the highly skilled category which was three per cent in 1957-58 is now 10 per cent. The rate at which this cate-

gory of highly skilled and skilled workers is going up in these workshops is quite high. This change in the composition tells on the nature of work, the system of job assignment, job evaluation. All the individual discontent had come up during the last eight or ten years not only because they were not getting adequate money but also because of the treatment, because of the relationship, at the spot level, at the machine point. All these had created a lot of problems. Taking all these chaotic conditions into consideration, it cannot be said that this whole report of the Pay Commission is nothing but a scrap. It is an humble attempt, in spite of some mistakes to put a system into chaos. I violently disagree with many of the recommendations. But where do we stand if the Pay Commission's report is to be thrown into the dust-bin? That is the point. It is no use wasting our time in explaining the situation as to what constitutes the minimum wage. We have been arguing that. I have myself argued before industrial tribunals. The tribunals have not accepted our concept of norms—neither of living wage nor fair wage nor minimum wage nor need-based minimum wage. Awards have been given. We were not satisfied and yet we tried to put up with those and at the proper time we have continued our fight for higher wage. Therefore, the point today is not explaining what injustice has been done. The explanation is enough. The question is, whether we can get Rs. 314 as the minimum wage. The distance from Rs. 185 to Rs. 314 is far wide. Can we, and to what extent, shorter the distance, that is the question.

Otherwise, we would be misguiding the workers. Let us be more realistic. After all, what exactly does the pay structure reflect? The pay structure and the wages are ultimately the product not only of the demands that are made but of the combination of three things. The demands of the workmen which reflect their needs no doubt. Needs are processed through the factors of economic feasibility and social acceptability. If Government has said or if the report has said that the cost to the exchequer because of three interim reliefs which have been given, has been Rs. 175 crores and that the cost of the new increase as a result of pay fixation, as a result of bringing down the number of trades from 140 which was suggested by the Second Pay Commission, to 80—a number of jobs are to be upgraded—and taking all the factors into consideration, the additional burden, is Rs. 145 crores, do we not consolidate our position and make out a proper case? Can we not give proper direction to our workmen to take things in the right spirit, in the context of the present situation? According to me, we can easily say to the Government that we do not agree with the Pay Commission's report, therefore, do not take a decision. The second is: negotiate with us.

Now collective bargaining has been going on in the private sector. Collective bargaining has been going on in the public sector undertakings. I would request my friend, Mr. Banerjee or all those connected with the Defence, the Railways or any other organization that the time has come that we ponder more over this whole group of 30 lakhs employees. I was listening to Mr. Banerjee and I agree with him. If I were in his place, I would have also pleaded that the Defence employees should not be differentiated from the employees of other public sector undertakings. He is perfectly right. But it is very difficult to get justice to the Defence employees, to the Posts and Telegraphs and to the Railways, if they are taken along with the bandwagon of all other administrative employees of the Government. Let them be taken as a separate category—the 15 lakhs of employees. It is not necessary that all the 30 lakhs employees should be put together and their service conditions should be similar. We can get some additional benefit for the 15 lakhs employees because they are production employees, because, they are industrial employees. In respect of the demand for bonus, they are asking only for these employees. They are not asking for all the 30 lakhs employees of the Government. Similar is the case with regard

[Shri Raja Kulkarni]

to wage increase. Similarly, the minimum wage has to be revised. I would also suggest that a representation should be made to the cabinet to have a decision that they should revise this Rs. 185 to a large extent. At the same time nothing is mentioned as to how long these new pay scales and other pay structure should remain. The validity period is to be decided. The employees' organisations can say, "Immediately on the expiry of one year we want that the Government should sit with us No further commission, no other arbitration, nothing of the kind. We shall negotiate". Sir, a bird in hand is better than two in the bush.

MR. CHAIRMAN: I have to inform the House that it has been decided that the House will sit upto 7 O'clock.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर): सभापति जी, भारत के भाग्याकाश पर इस समय आर्थिक संकट के गहरे काले बादल मंडरा रहे हैं उन की छाया में वेतन आयोग की रिपोर्ट पर यह चर्चा कुछ अवास्तविक और अयथार्थवादी मालूम होती है। आर्थिक सकट के लिए न तो भारत और पाकिस्तान युद्ध उत्तरदायी है और न सूखे को ही जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। सरकार की नीतियां, जिनके अन्तर्गत मुद्रा की आपूर्ति बढ़ी है, घाटे की अर्थ व्यवस्था का अवलम्बन किया गया है, अनुत्पादक व्यय में बढ़ौतरी हुई है, आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स लगाए गए है—वर्तमान संकट के लिए जिम्मेदार है। आज देश महगाई, अधिक मजूरी और फिर महगाई— इसके दुष्चक्र में फंस गया है। मै जानना चाहता हूं इस चक्र मे से निकलने के लिए सरकार के पास कौन सी नीति है? यह खेद का विषय है कि पिछले 26 वर्षों में हम मूल्यों और मजूरी के बारे में कोई राष्ट्रीय नीतिका निर्धारण नहीं कर सके। मूल्यों की अलग चर्चा होती है, मजूरी का अलग से विचार किया जाता है, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की समस्यायें पृथक चश्मे से देखी जाती हैं और राज्य कर्मचारियों को दूसरे तराजू पर तौला जाता है। जो मजदूर संगठित नही है उनका कोई पुरसांहाल नहीं है। इसी का परिणाम है कि देश आज ज्वालामुखी के कगार पर बैठा है। लाल किले से जारी की गई अपीलें जनता के रोष और क्षोभ को शांत नही कर सकती है, उस के लिए ठोस नीतियां अपनानी पड़ेगी। मेरी मांग है सरकार प्राइस वज पर एक नेशनल पालिसी का निर्धारण करे, उसकी मुख्य बाते इस प्रकार होनी चाहिए—पहली चीज तो यह जरूरी है कि मूल्यों को 71 के स्तर पर लाया जाये जब गरीबी हटाओ का नारा दिया गया, सरकार मूल्यों मे कमी करे और आवश्यक वस्तुये 71 के मूल्यों पर जनता को उपलब्ध करने का प्रबन्ध करे। दूसरी बात—अब आवश्यकता पर आधारित न्यूनतम वेतन के सिद्धान्त से पीछे जाने का समय नही है। क्या 15वे श्रम सम्मेलन में भारत सरकार का प्रतिनिधि नही था? क्या उस समय सरकार की आंख पर पट्टी बंधी हुई थी? ? क्या देने की क्षमता का प्रश्न उस वक्त खड़ा नही हुआ था? न्यूनतम आवश्यकता पर आधारित वेतन के सिद्धान्त को स्वीकार किया जाना चाहिए और उसे क्रमश: लागू करने के संकल्प की इस चर्चा में घोषणा की जानी चाहिए। मुझे आश्चर्य है कि पे-कमीशन यह तो कहता है कि उस श्रम सम्मेलन के निर्णय के अनुसार न्यूनतम वेतन 314 रु० होना चाहिए और फिर

कहता है कि वह नहीं दिया जा सकता । आगे कहता है कि हमारी गणना के अनुसार 196 रुपये आज की स्थिति में कम से कम वेतन होना जरूरी है लेकिन जब देने के वक्त होता है । तो 185 रुपए ही देता है । कमिशन का यह दिवालिया पन समझ मे नही आता । आपको देख कर हंसी आयेगी कि कमिशन ने जो गणना की हैं उसके अनुसार कमिशन का कहना है कि दिल्ली, बम्बई, कलकता जैसे शहरों मे 14 रुपए 71 पैसे मे मकान मिल सकता है—मैं जानना चाहूगा कि वह मकान कहा मिलेगा ? कमिशन क्या ऐसी मकानो की व्यवस्था कर सकता है या व्यवस्था की है ? क्या उन्होंने कहीं जाकर देखा भी है ? गैरेज भी 14 रुपए मे नही मिल सकता । है । पार्लमेन्ट के मेम्बर कन्सेशन रेट पर गैरेज पाते है लेकिन उसका किराया 14 रुपए से ज्यादा है ।

पे कमिशन यह भी कहता है कि 50 पैसे मे एक समय का भोजन मिल सकता है । वह कौन सा भोजनालय है जो 50 पैसे मे एक समय का भोजन उपलब्ध करता है ? रघुवर दयाल भोजनालय अगर कहीं चल रहा हो तो मैं भी उसका पता जानना चाहूगा । लेकिन इस गणना के अनुसार जो 196 रु० होते है वह भी पे कमिशन ने दिए नही । (व्यवधान) मालवीयजी, आप तो समझदार आदमी है लेकिन आपकी पार्टी मे जो नासमझ है उनका क्या होगा ?

दूसरी बात जो जरूरी है वह यह है कि हमें इन्फ्लेशन फ्री डीयरनेस एलाउन्स की परिकल्पना का विकास करना चाहिए तुरन्त मूल्यों को नियंत्रण करना या घटाना सरकार के बूते के बाहर की बात मालूम होती है । लेकिन कर्मचारियों को सुविधाओं के रूप मे इनफ्लेशन फ्री डी० ए० दिया जा सकता है । वह घर से दफ्तर आते हैं, आने जाने के लिए सस्ता यातायात परिवहन मुहैया किया जा सकता है । दोपहर मे सस्ते भोजन का प्रबन्ध हो सकता है । कर्मचारियो के लिए वर्ष मे सुविधाजनक दरों पर रेल यात्रा की सुविधा दी जा सकती है । बडे बडे अफ़सरों के वेतन मे उन की सुविधाओं में बहुत सी चीजे हैं, वह स्टाफ कार पर चलते है, वह लंच और डिनर भी सरकारी खर्चे पर अशोका होटल या इटरकान्टीनैटल होटल मे पाते है । उन्हें और सुविधायें भी प्राप्त है, वह सब कर्मचारियो के लिए उपलब्ध कराने का हमे प्रबन्ध करना चाहिये और इन्फ्लेशन फ्री डी० ए० के कासेप्ट पर काम कर के और कोई ठोस चीज निकालनी चाहिये ।

सभापति जी, मैं यह भी चाहूगा कि जो वेतन और मूल्यो की राष्ट्र नीति हो उस के अन्तर्गत कम से कम मजूरी और अधिक से से अधिक मजूरी का अन्तर घटाया जाय । आज यह अन्तर बहुत ज्यादा है । पे कमीशन उस को घटाने के बजाय बढाने के लिये जिम्मेदार है । अगर विषमता कम करनी है तो फिर आज को स्थिति मे जितना अन्तर है उस को चलने नही दिया जा सकता । न्यूनतम और अधिकतम वेतन का अन्तर 1 और 10 का होना चाहिये । अगर आज यह करना सम्भव नही है तो हम 1 और 20 का आज लक्ष्य मान कर

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

चलें और उस पर अमल करें। लेकिन पे कमीशन ने जो कुछ किया है वह तो प्रवाह को उल्टा घुमाने जैसा है। छोटे कर्मचारियों पर बोझा अधिक, बड़े अफ़सरों के लिए सुविधायें अधिक। यह स्थिति चल नहीं सकती। कम से कम यह स्थिति हमारी उद्घोषणाओं के अनुकूल नहीं हैं। और अगर कथनी और करनी में अन्तर रहेगा तो फिर राष्ट्र निर्माण के लिए जनता का स्वेच्छा से मिलने वाला सहयोग प्राप्त नहीं किया जा सकता।

सभापति जी, पहली बार पे कमीशन ने सुरक्षा सेवाओं के वेतन मानों का विचार किया है। यदि हम गहराई से देखें तो फ़ौज में काम करने वाले जवान और अफसर और सरकार की दूसरी शाखा में काम करने वाले कर्मचारी और अफ़सर इन के वेतनों में अन्तर है। अभी सिविल एवियेशन मिनिस्टर यहां मौजूद थे, पता नही कहां उड़ गये, एयर फ़ोर्स में काम करने वाला पायलट जो अपनी जान जोखिम में डालता है कम वेतन पाता है और एयर इंडिया का पायलट लक्ष्मी में लौटता है। दोनों हवाई जहाज उड़ाते हैं, दोनों की सेवाओं की देश को आवश्यकता है। दोनों ने वेतन मान में कहीं कोई बराबरी होगी या नही, कोई औचित्य होगा या नहीं? नई दिल्ली के सेक्रेटेरियट में काम करने वाला चपरासी आज उस जवान से अधिक वेतन पाता है जो जवान युद्ध क्षेत्र मे मोटरगाड़ी चलाता है, जो बन्दूक उठाता है। उस को भी स्किल्ड कर्मचारी, कारीगर के रूप में नहीं गिना गया है। जो साधारण जवान है वह भी बन्दूक चलाता है, वह भी बारीक हथियार का उपयोग करता है और वक्त आने पर हर कुर्बानी देने के लिए तैयार होता है, लेकिन उस को स्किल्ड लेबर के बराबर तन्खाह नहीं दी गयी।

जहां तक अफसरों का सवाल है अगर कोई आई० ए० एस० में जाय तो जो वेतन कमीशन ने माना उस पर कितनी जल्दी पहुंच सकता है इसका अनुमान लगायें। और अगर आर्मी में जाता है तो लेफ्टीनेंट जनरल बनने में कितना समय चाहिये और कितनी जल्दी रिटायर हो जाता है। इसका भी विचार करें। दूसरी ओर जवानों और अफसरों के वेतनों में भी अन्तर ज्यादा है, यह भी असंतोष को जन्म दे सकता है। है। इस पहलू पर भी विचार करने की आवश्यकता है।

एक बात मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं। केन्द्रीय कर्मकारियों को सिटी कम्पेन्सेटरी अलाउन्स देने का एक फार्मूला है, उस के आधार पर जनसंख्या के अनुसार कर्मचारियों को मकान भत्ता दिया जाता है। लेकिन जनसंख्या के साथ क्या महंगाई का विचार नहीं होना चाहिये? इंदौर और जबलपुर की तुलना में ग्वालियर अधिक महंगा शहर है मगर क्यों कि जनसंख्या थोड़ी सी कम है ग्वालियर के कमचारी 'बी' ग्रेड से वंचित कर दिये गये। सभापति जी, क्या ग्वालियर के केन्द्रीय कर्मचारियों से यह कहूं कि परिवार नियोजन के अभियान का विरोध करें और दो, या तीन बच्चे के बजाय जनसंख्या बढ़ाने में लग जाओ

तभी आप को 'बी' ग्रेड मिल सकता है, अन्यथा नहीं मिल सकता है ? सभापति जी, वैसे भी कर्मचारी अब दो या तीन की बात नहीं मान रहे हैं क्यों कि वह देखते हैं कि लाइन में लगाने के लिए उन्हें बच्चे चाहिएं । एक राशन की लाइन के लिए, दूसरा चीनी की लाइन के लिए तीसरा तेल की लाइन के लिए, चौथा सीमेंट की लाइन के लिए, पांचवां पानी की लाइन के लिए और छठा इन सब की देख भाल के लिए वह लाइन मे लगे हैं या कही गिल्ली डडा तो नही खेल रहे हैं ।

सभापति जी, पे कमीशन ने सिटी कम्पेसेटरी अलाउन्स के बारे में सेन्सस के रजिस्ट्रार जनरल की सिफारिश का उल्लेख किया है और यह कहा है कि अर्बन एग्लोमरेशन को भी ग्रेडेशन के बारे में निर्णय लेते समय ध्यान मे लिया जाना चाहिए । नगर फैल रहे है, गांव नगरों के साथ जुड रहे है , कर्मचारी दूर-दूर से काम करने के लिए आते हैं उन पर भी महंगाई का असर होना है, उन को भी लाभ मिलना चाहिए । मैं आशा करता हूं कि पे कमीशन की रिपोट के सम्बन्ध में जब अतिम निर्णय लिया जायगा तो अर्बन एग्लोमरेशन की बात ध्यान मे रखी जायगी और शहरी एरिया और कंटोनमेट, शहरी एरिया और ग्रामीण क्षेत्र, इस का अन्तर नही किया जायगा । मैं तो चाहता था कि पे कमीशन महगाई को भी एक आधार मानता लेकिम उसने यह मानने से इन्कार कर दिया है इस दृष्टि से मै समझता हूं उस की सिफारिश प्रतिक्रियावादी है । लेकिन फिर भी पे कमीशन की सिफारिश की चौखट के अन्तर्गत कुछ शहरों के कर्मचारियों को राहत मिल सकती है उस पर विचार करना चाहिए ।

सभापति जी, अपने भाषण को उपसंहार की ओर ले जाना चाहता हूं । रेलवे कर्मचारियों को पे कमीशन की परिधि से बाहर निलकाने का प्रयत्न होना चाहिए । रेल कर्मचारियों के लिए मे कमीशन नही, वेज बोर्ड बनाने की जरूरत है । रेल मंत्री कहते हैं कि उन की इतनी कैटेगरीज है कि वह हर एक का अलग अलग विचार नही कर सकते । आखिर वह एक कर्मशियल कन्सर्न है, लाभ और हानि की दृष्टि से चलती है । रेल मजदूरों को अधिकार होना चाहिए कि वह कलेक्टिव बारगेनिंग कर सकें, सामूहिक सौदेबाजी का उपयोग कर सकें । मैं लोको कर्मचारियों को बधाई देना चाहता हूं उन्ही ने रेल मंत्री को झुका लिया । वह बात करने के लिए तैयार नहीं थे, मगर बात करनी पड़ी । अगर लोको कर्मचारियो से पहले बात करने को तैयार हो जाते तो हड़ताल नही होती । और मैं चेतावनी दे रहा हूं कि कर्मशियल कलकर्स असंतुष्ट है, असिस्टेंट मास्टर परेशान है, गार्डों के मन में असतोष की ज्वाला धधक रही है ।

17 hrs.

मै यह भी चाहता हूं कि लोक सभा और राज्य सभा के कर्मचारियो के बारे मे भी, उनके वेतन मानों के बारे में उनकी सेवा की शर्तों के बारे मे विचार होना चाहिए । यह ठीक है कि पे कमिशन यह नही कर सकता था । लेकिन कोई विशेष समिति बनाई जा सकती है, बननी चाहिए जो कर्मचारियों की कठिनाइयों को देखे, उनकी नियुक्ति किस ढंग से होती है, उनकी तरक्की किस तरह की जाती है, उनकी क्या कठिनाइया हैं, ओवर टाइम उन्हें ठीक मिलता है या नही मिलता है, इन

[श्री अटल विहारी वाजपेयी]

सब प्रश्नो पर विचार करने के लिए कमेटी बनाना जरुरी है। मैंने उस दिन कहा था उत्तर प्रदेश मे पी ए सी काड के बारे में कि इसका यह भी एक कारण था कि पी ऐ सी के जवानो से जो ओवर टाइम काम लिया जाता है उसके लिए नियम बना हुआ है कि महीने मे दस रुपए से ज्यादा ओवर टाइम उनको नहीं दिया जाएगा, ओवर टाइम का घटो से कोई सम्बन्ध नही है, ओरवर टाइम का काम से कोई नाता नही, यह अन्याय अब नही चलेगा।

स्वाधीनता दिवस पर बडी बडी अपीले की गई है। प्रधान मत्री ने कहा है कि अग्नि परीक्षा मे तप कर सोना कुदन बन जाता है। लेकिन उन्हे याद रखना चाहिए कि अग्नि परीक्षा मे पीतल गल भी जाता है। सोना कुदन बनेगा लेकिन जो पीतल है, जो सोने की चमक से भी ज्यादा आखो को चौंधिया देता है वह अग्नि परीक्षा मे से नही निकलेगा, वह परीक्षा मे गल कर वह जाएगा। आज पीतल गल रहा है और सोने की तलाश हो रही है। प्रधान मत्री पहले स्वय को परीक्षा मे उत्तीर्ण करे और फिर देश का परीक्षा मे पडने के लिए आहवान करे तब तो देश उनके आहवान का उत्तर दे सकता है लेकिन इह समय जो उनकी चमक धुधरी हो रही है और याद रखना चाहिए उनको कि बोनस के सवाल पर, यूनतम वेतन के सवाल, पर सौ फीसदी महगाई भत्ते मे, वृद्धि के सवाल पर केन्द्रीय कर्मचारी असन्तुष्ट है, राज्य कर्मचारी आन्दोलत हैं और देश को इनके आन्दोलन का सामना न करना पडे इसलिए एक नैशनल पालिसी आन प्राइसिस एड वेजिज कोई इवाल्व करने की आवयश्कता है। सरकार टुकडों मे इस सवाल को न देखे, तसवीर को पूरे रूप मे देखे और हल निकालने का प्रयत्न करे।

श्री नवल किशोर सिंह (मुजफ्फरपुर): मैं सदन मे अपने साथी माननीय सदस्यो के भाषणो को बडे ध्यान से सुनता रहा हू। मैं इस आशा मे था और अब भी मेरी मान्यता है कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियो के वेतनो के पुनरीक्षण के प्रश्न को राजनीतिक शतरग की कोई गोटी नही बनाया जाना चाहिए। लेकिन हमारे देश का दुर्भाग्य है कि हमारे विरोधी दलो के जो नेता हैं वे कोई मौका छोडना नही चाहते हैं जबकि वे कुछ ऐसी बात न कह दे जिसका चाहे मुल्क के भविष्य पर या सरकार के द्वारा योजनाओ के कार्यान्वियन पर कुछ बुरा असर न पडे। अभी वाजपेयी जी के भाषण को मै बडे ध्यान से सुन रहा था। मैं पहले उनका नाम इसलिए लेता हू कि उनकी भाषण कला खास कर हिन्दी की, मै एक गर्व का विषय मानता हू। आपने बिना समाजवाद का नाम लिए हुए सभी समाजवादी बातें कही है और वेतन आयोग के प्रश्न पर इतना समाजवाद को उछाला, सामान्य आर्थिक प्रश्नो म उसका एक चौथाई भी अगर समाजवाद इनकी नीतियो मे रहता तो मेरा ख्याल हैं कि देश का बडा कल्याण हो गया होता लेकिन जहा तक सरकारी कर्मचारियो का प्रश्न है—यह नही कि मैं आपसे अलग राय रखता हू इस प्रश्न पर—आपका समाजवाद इतना उछल पडा कि हम लोग आश्चर्य चकित रह गए।

श्री बाजपेयी ने कहा कि जो खर्चा बढ़ा है, महंगाई हुई है, वह इसलिए हुई है कि अनुत्पादक व्यय किया गया है। सूखे की वजह से वह नहीं हुई, पाकिस्तान के साथ लड़ाई की वजह से वह नहीं हुई तो अनुत्पादक व्यय होता क्या है? सूखे में रिलीफ के वास्ते किया गया खर्च अनुत्पादक नहीं है युद्ध में किया गया खर्च अनुत्पादक नहीं है तो अनुत्पादक व्यय किसको वह कहते हैं? पता नहीं अनुत्पादक व्यय की इनकी परिभाषा क्या है? आपको कुछ और बातों को समझाना है इस वास्ते आप उस विषय बिन्दु से इन्कार करते हैं लेकिन इस बात से इन्कार नहीं कर सकते हैं कि अनुत्पादक व्यय की वजह से हमारे यहां महंगाई आई है, इनफ्लेशनरी प्रैशर हुए हैं। मैं समझता हूं कि उनकी बातें किसी को, देशको धोखे में नहीं डाल सकती हैं, सदन को तो हर्गिज नहीं।

श्री बनर्जी ने कहा कि हम हंगर और स्टार्वेशन के साथ कम्प्रोमाइज नहीं करेंगे। मैं मानता हूं कि हमारे देश में यह नारा होना चाहिए कि हम भूखे रहने से इकार करें, हम नंगे रहने से इन्कार करे। लेकिन क्या यह सच्चाई नहीं है कि आज इस देश मे तथा संसार के सारे अविकसित देशों में हम हंगर, स्टार्वेशन और नेकिडनैस के साथ कम्प्रोमाइज करके चल रहे है। वह एक ऐसी वस्तुस्थिति है जिससे कोई भी भाग नहीं सकता है। यह बहुत स्पष्ट है। इसलिए कोई भी बात हमें ऐसी नहीं बोलनी चाहिए जिससे भावना का उभाड़ हो। क्षणिक तकलीफ की वजह से हम बड़ी बड़ी बातों को भूल जाएं और अपने देश की वास्तविक आर्थिक अवस्था को नजरअंदाज करें, यह ठीक नहीं है।

मैं एक एक सदस्य के बारे में कुछ नहीं कहूंगा क्योंकि मेरे पास समय बहुत कम है। मैं कुछ सामान्यमान्यताओं के बारे में वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं। एक जमाना था जब राज्य का रोल केवल नियामक यानी रेग्युलेटरी हुआ करता था। फिर एक जमाना आया जान स्टूअर्ट केवल मिल, कार्लाइल और मार्क्स का और उन्होंने कहा कि नहीं, स्टेट केवल नियामक नहीं रहेगा वह इंस्ट्रूमेंट आफ चेंज होगी और हम राज्य की शक्ति से समाज में परिवर्तन करेंगे और होना चाहिए। हमारे देश में अंग्रेज आए। उन्होंने जो व्यवस्था हमारे देश को दी वह कोलोनियल एडमिनिस्ट्रेशन की दी। वह औपनिवेशिक प्रशासन था। आज हमारे देश में औपनिवेशिक प्रशासन नहीं है, एक दूसरे किस्म का प्रशासन है जिसकी नीति का उद्देश्य यह है कि हम देश का विकास करें, हम अपने यहां आर्थिक विकास करे और साथ साथ सामाजिक न्याय का विस्तार करते जाएं। मैं बार बार अपने से पूछता हूं और एक सार्वजनिक कार्यकर्ता होने के नाते और बिहार में इस विभाग का एक छोटा सा मंत्री रहने के नाते मैं अपने से पूछ रहा हूं कि आज का जो हमारा सामान्य प्रशासन है क्या वह सचमुच में आर्थिक विकास का, ग्रोथ विद जस्टिस का कोई इंस्ट्रूमेंट है? यह बहुत बड़ा प्रश्न है। यह मामली प्रश्न नहीं है। यहां हम सब भाषण करते हैं, बातें करते हैं हमारे जो ग्रैंडियोस प्लांज बनाने वाले हैं वे सुन्दर सुन्दर शब्दों में प्लांज को बना देते हैं उन सामान्य प्रशासकों से हमारी नीतियों का कार्यान्वित कितनी होती हैं और कितनी हम उसकी उपलब्धि पाते हैं, यह हमारे मुल्क में सब जगह

[श्री नवल किशोर सिंह]

जाहिर है, पार्लिमेंट की किताबों में लिखा हुआ है । सामान्य प्रशासक, फर्स्ट क्लास फर्स्ट एम ए सुन्दर से सुन्दर भाषा में प्लांज तैयार कर देते हैं, अच्छी से कच्छी अंग्रेजी लिख लेते हैं और जब प्लांज बन जाते हैं और फेल हो जाते हैं तो प्लांज की फेल्योर को सुन्दरतम अंग्रेजी भाषा में कारण देकर वे एक्सप्लेन करते हैं बीत कुछ नहीं है । उनकी अंग्रेजी प्लान बनाने में काम आती है और फिर उसकी फेल्योर को एक्सप्लेन करने में और बहुत ही सुन्दर लैंगुएज में वे इस काम को करते हैं मैं तो उनकी लैंगुएज पढ़कर मोहित हो जाता हूं । इस फारेन लैंगुएज को मैं भी पढ़ने वाला हूं । उनकी भाषा को पढ़कर तबीयत खुश हो जाती हैं। ऐसी बढ़िया भाषा में वे कुछ करते है कि क्या हमारी प्रधान मंत्री या हमारा मंत्री कर सकता है । मैं जानना चाहता हूं कि ऐसे सामान्य प्रशासको का बोझ मुल्क कब तक बरदाश्त करेगा ? हम ये सब चीजें पिछले साल से देखते आ रहे है । सारा जिम्मा आपने इनको दिया हुआ है । आज 51,000 करोड़ रुपये की योजना बना करके आप मुल्क की किस्मत को बदलने वाले हैं । लेकिन आपने इनका कोई विकल्प नही निकाला है, यह हमारे मुल्क के लिए एक चिन्ता की बात है ।

हमारे यहा स्पेशलाइज्ड सर्विसज की कोई कद्र नही है, हालाकि हमार ब्रिलिएंट लडके एयरफोर्स इंजीनियरिग और मेडिकल में जाते है । जवाहरलाल जी ने एक बार यही बात कही थी । अभी माननीय सदस्यों ने बताया है कि एयर फोर्स और एच० ए० एल० के इंजीनियरों को सिविल एवियशन वालों के मुकाबले मे क्या तन्ख्वाहें मिलती है । जहां तक डाक्टरों का सम्बन्ध है, एक डाक्टर को फर्स्ट प्रोमोशन 48 साल की उम्र में मिलती है जबकि आई ए एस के सदस्य 37 साल की उम्र में ही फर्स्ट प्रोमोशन के लिए एलिजिबल हो जाते हैं । हम लोग जानते हैं कि जिन लड़कों को मेडिकल या इंजीनियरिंग में एडमिशन नहीं मिलता है, वही बी० ए०, बी० एस सी० और एम० एच ए० आदि पास कर के आई० ए० एस० आदि में जाते हैं ।

डा० राव का इंस्टीट्यूट कनाट प्लेस में है । वहां सैकड़ों लड़के लड़किया कोचिंग के लिए जाते हैं । आप किसी से बात कीजिए ; उन लोगों को हमारे गांवों के बारे में कोई जानकारी नही है । अगर दिल्ली यूनिवर्सिटी का फर्स्ट क्लास एम० ए० भी हमारें गांवों के बारें में दो चार बातें बता दे तो मैं पार्लियामेंट की मेम्बरशिप से इस्तीफा देन के लिए तैयार हूं । वे सब कल आई० ए० एस० होंगे । मसूरी में छोटी सी ट्रेनिंग दे कर सरकार उन को मुल्क के सिर पर बिठा देगी । क्या इस तरह हमारे देश का प्रशासन चलने वाला है ?

जहां तक स्पेशल पे का सम्बन्ध है, सवाल यह है कि वह किस किस बात के लिए दी जाती है । अगर कोई आफिसर फील्ड में रहेगा तो उस को स्पेशल पे नही मिलगी । अगर वह टूर पर जायगा और धूप तथा बरसात में काम करेगा, तो उस को स्पेशल पे नही मिलेगी । लेकिन अगर वह स्टेट सैक्रेटेरियेट या सैंट्रल सैक्रेटेरियेट के एयर-कन्डीशन्ड रुम में आ कर बैठ जाएगा, तो उस को दो सौ रुपये से पांच सौ रुपये तक स्पेशल पे मिलने लग जायेगी । इस लिए मेरी समझ में नही आता है कि वेतन आयोग ने किस तरह स्पेशल पे की सिफारिश कर दी है । मैं क्लासेज के खिलाफ नही हूं । मेरे बहुत से रिश्तेदार क्लार्क और एसिस्टेंट हैं । सवाल यह है कि इस वक्त बी० ए० या एम० ए० पास करनें के लिए

यूनिवर्सिटी में जनरल एजूकेशन प्राप्त करने के लिए, जो मैड रस हैं, सरकार उस को किस तरह कम करने जा रही है । अगर हमें काम करने वाला आदमी चाहिए, तो वह तो वर्कशाप से ही पैदा होता है । अगर वर्कशाप का स्केल कम हो और यूनिवर्सिटी में शिक्षा प्राप्त किये हुए व्यक्तियों का स्केल ज्यादा हो तो मुझे माफ किया जाये, यह उत्पादक कार्य करने वाले व्यक्तियों को तैयार करने का तरीका नहीं है ।

पे कमीशन ने कहा है कि चूंकि प्राईवेट सैक्टर में ज्यादा तन्खवाहें दी जाती हैं, इस लिए हमें भी अपने कर्मचारियों और अफसरों को ज्यादा तन्खवाहें देनी पडेंगी। मेरा कहना यह है कि सरकार प्राईवेट सैक्टर से कम्पीट नहीं कर सकती है । प्राईवेट सैक्टर तो दस हजार रुपया महीना दे सकता है । इसके साथ साथ अपने कर्मचारियों के बेटे बेटियों को एपायंट कर सकता है, जो स्कूल में पढ़ते है, और उनके नाम पर तन्खवाह ड्रा कर सकता है । क्या सरकार उस के साथ कम्पीट कर सकती है ? सरकार तो एक ही काम कर सकती है कि वह प्राईवेट सैक्टर को दस हजार रुपये तन्खवाह देने से रोके, ताकि वह खुद भी ज्यादा तन्खवाहें देने के लिए मजबूर न हो । लेकिन वह यह बात भूल जाये कि वह तन्खवाह के बारे में प्राईवेट सैक्टर के साथ कम्पीट कर सकती है ।

मेरा निवेदन है कि डाक्टरों की समस्याओं की ओर इस देश का ध्यान जाना चाहिए । मेरा सुझाव है कि सिविल एसिस्टेंट सर्जन का एक स्पेशल पे स्केल होना चाहिए और उनकी क्लास वन सर्विस का पे स्केल आई० ए० एस० का होना चाहिए वरना हम इस देश के डाक्टरों से काम नहीं ले सकते है ।

चपरासियों, चौकीदारों आदि के लिए यह व्यवस्था की जानी चाहिए कि वे छुट्टी ले कर नई योग्यता और स्किल प्राप्त कर सकें और अपने प्रास्पेक्टस को बेहतर बना सकें ।

सरकार द्वारा कर्मचारियों से हाउस रेंट की रसीद ली जाती है । कोई मकान वाला रेंट की रसीद नहीं देता है, जिस से कर्मचारियों को कठिनाई होती है । इस लिए कम से कम एक हजार रुपये तक तनख्वाह पाने वाले के लिए हाउस की रसीद का कोई प्रावधान नहीं रहना चाहिए ।

श्री मूलचन्द डागा (पाली): सभापति महोदय, आज हमारे नेताओं में राजनीति से तात्कालिक लाभ उठाने की प्रवृत्ति बढ गई है । मैं चाहता हूं कि श्री वाजपेयी गावों की जनता के बीच में यह बात कहें कि चपरासी को 314 रुपये तन्खवाह मिलनी चाहिये । और अगर तन्खवाहों में बीस गुना का अन्तर रखना है, तो उस के हिसाब से लगभग सात हजार रुपये की तन्खवाह होती है । आदमी पार्लियामेंट में जो बात कहे, वही बाहर जा कर कहे । अगर कोई सदस्य पार्लियामेंट में साढ़े उन्तीस लाख कर्मचारियों को खुश करने की बात करता है, तो वही बात उस को बाहर जनता में भी करनी चाहिए । यह ठीक है कि प्रैस वाले तारीफ करेंगे कि सरकारी कर्मचारियों की बड़ी वकालत की है । लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी जनता में बाइस करोड़ ऐसे लोग हैं, जो सिर्फ पैंतीस पैसे रोज कमाते हैं ।

एक माननीय सदस्य. उन को भी दो । कौन मना करता है ?

श्री मूलचन्द डागा : पे कमीशन ने कहा है :

"The Commission will be required to enquire into and make recommendations on.....

(3) The Commission will make recommendations having regard, among other relevant factors, to the economic conditions in the country, the resources of the Central Government and the demands there on, such as, those on account of development planning, defence and national security, the repercussions on the plans of the State Governments and the public sector...."

और आज देश की हालत क्या है ? इस मे कहा गया है

"A household survey conducted by the National Council of Applied Economic Research in 1962 showed that 1 per cent of household enjoyed 10 per cent of the total income while the bottom 15 per cent of the household claimed only 4 per cent.

"Another study conducted by the Reserve Bank showed that the number of Indians living in rural areas in conditions of absolute poverty increased from 52 per cent of the rural population in 1960-61 to 70 per cent in 1967-68. So, these reports of studies have serious limitations....."

जो लोग साढे उन्तीस लाख सरकारी कर्मचारियो के बारे मे यह बात कहते है, वे उस बात को जनता के सामने भी कहें । तब उन्हें पता चलेगा कि इस बारे में जनता की प्रतिक्रिया क्या है । लेकिन जनता के सामने यह कहा जाता है कि सरकार अपने कर्मचारियों पर बहुत पैसा खर्च कर रही है ।

प्रधान मत्री ने कल लाल किले के सामने जो भाषण दिया, उस के बारे में एक माननीय सदस्य ने कहा है कि वह पीतल है, जो आग मे गल जायगा । माननीय सदस्य को बात को समझने की कोशिश करनी चाहिए । उन्हें अर्थ का अनर्थ नही करना चाहिए । प्रधान मत्री ने जनता की हिम्मत की सराहना करते हुए कहा कि वह इन कठिनाइयो का मुकाबला कर सकती है, उस मे बहादुरी और हिम्मत है और सोना आग मे तप कर कुन्दन बनता है । माननीय सदस्य ने इस बात का कोई और ही अर्थ निकाल दिया, जिस पर कुछ लोग हसने लगे । प्रधान मत्री ने तो यह कहा था कि जनता मुसीबतो का सामना कर सकती है और वह हिम्मत के साथ आगे बढे । (व्यवधान)

माननीय सदस्य साढे उन्तीस लाख लोगो की बात करते है । क्या यह एक अलग प्रिविलेज्ड क्लास बन जाएगी ये जो साढे उन्तीस लाख सरकारी कर्मचारी, कुछ मत्री एम० पीज० और एम० एल० एज० हैं, क्या इन का एक अलग वर्ग-प्रिविलेज्ड क्लास-बन जायगा, क्या उन्ही के लिए सब कुछ करना चाहिए और बाकी ५६ करोड जनता के लिए कुछ नही करना चाहिये चाहे वह फैमिन से पीडित हो (व्यवधान)

जहा तक ओवर टाईम एलाऊंस का सम्बन्ध है, मैंने इसके कुछ आकडे देखे है । कई लोगों ने पे कमीशन के सामने कहा कि

गवर्नमेंट सर्वेन्ट को ओवरटाईम एलाउंस नहीं मिलना चाहिए। ओवरटाइम में क्या हुआ जब मैंने आंकडे तैयार किए तो मुझे मालुम हुआ कि कई करोड रूपये बैंकों के नेशनेलाइजेशन में ओवरटाइम के आप ने दिये इन विरोधी भाइयों को और कुछ नहीं मिला तो ओवरटाइम की बात ले कर उन को उकसाने लगे जहां देखो वहां उकसाने की बात है सरकार इस बात के लिये सतर्क है कि तनख्वाह बढ़ानी है । लेकिन केवल साढे उन्तीस लाख लोगों को लेकर उनको उकसाना कि हम तो तुम्हारी बड़ी वकालत करते है, मैं कहता हूं कि वकालत करने वाले लोगों जरा गांवों में जाकर इस बात को कहो तो पता चले जरा हिम्मत कर के जाओ और वहां कहो इस बात को (व्यवधान) बैंक नेशनलाईजेशन के सिलसिले मे मैंने आकड़े इकट्ठे किए तो मालूम हुआ कि 1959 के अन्दर 405 करोड़ रूपया ओवर-टाईम का दिया . 1970 में 486 करोड़, 1971 मे 614 करोड और 1972 में 711 करोड़ रूपय ओवरटाईम के दिये (व्यवधान) ठहरिये जरा बात सुनने की कोशिश करिय अगर तर्क मे उत्तर नही दे सकते तो आवाज मे किसी को दबा नही सकते हो मैंने एक प्रश्न किया कि ओवरटाइम 1971-72 मे दिया है उस के उत्तर मे उन्होंने बताया कि 79 लाख रूपया ओवरटाइम के रूप मे दिया है-सारे के सारे गवर्नमेंट स्टाफ की हालत यह देखिए कि कितना तो बढ़ता जाता है ओवर-स्टाफ्ड होने के आकडे मैं आप को बताता जाता हूं कि किस प्रकार से इनकी सख्या बढ़ी है -1956 में जहां स्टाफ था 1.86 लाख वहां 1972 में वह हो गया 2.84 लाख/52.7 प्रतिशत स्टाफ बढ़ गया और इतना स्टाफ बढने के बाद में तनख्वाह कितनी बढ गई है फिर ओवर स्टाफ भी और यह सब कुछ होने के बाद कहा जाय कि ओवर टाइम और दिया जाय पे कमीशन ने कहा कि ओवर टाइम किस को मिलता है ? कुछ लोग जो क म नही करते हैं उन को मिलता है ।

जब हम डिस्पैरिटी रिमूव करने को, विषमता को कम करने की बात करते है तो वैसी हालत में कुछ क्लास आप की ऐसी हो जो 35 सौ रूपये तनख्वाह पाए उन के बच्चे कलेक्टर बने और कुछ क्लास ऐसी हो जिस के बच्चे कुछ भी न बन सकें यह क्या है – आप देखें आप के इस तनख्वाह बढ़ाने पर कितना असर राज्यों पर और लोकल बाडीज पर पड़ता है ! मैं कहता हु इन को बढाने हैं तो राज्य सरकारों के जितने कर्मचारी है और म्युनिसिपैलिटियों के जितने कर्मचारी हैं उन की भी बढाइए, सब की बढ़ाइए ..... (व्यवधान) ..... जितनी आप की कोआपरेटिव सोसाइटीज हैं, उनकी भी बढाइये ... (व्यवधान) ... मैं यह कहना चाहता था कि कुल दो लाख आदमी हिन्दुस्तान में ऐसे होंगे जो अंग्रेजी अखबार पढ़ते होंगे या हिन्दी अखबार पढ़ते होंगे, उन के लिए दिल्ली की इस पार्लियामेंट में बोलने वाले कितने ऐसे लोग हैं जो गांवों में जा कर इस बात को कहेंगे ... (व्यवधान) .....

वहां जाकर बदल जायेंगे । वहां और बात कहेंगे । वहां कहेंगे कि इतने प्रतिशत गरीबी है, इतने प्रतिशत महंगाई है और वहां

यह गुलछर्रे उड़ाए जाते हैं। तो मैं एक बात समझ नहीं पाया ...(व्यवधान)...

सभापति महोदय : आप क्लास टाक्स जो होती हैं, उन को मत सुनिए, अपनी बात कहिए।

श्री मूलचन्द डागा : सभापति जी, मैंने कहा कि 92.7 प्रतिशत तो थर्ड और फोर्थ क्लास सर्विसेज के लोग हैं, 5.6 प्रतिशत सैकेंड क्लास सर्वेन्ट्स है और 1.5 प्रतिशत फर्स्ट क्लास सर्वेंट्स हैं। अभी अटल बिहारी जी भाषण दे रहे थे तो पीलू मोदी जी ने एक प्रश्न किया। मिनिमम जब 314 रुपये मिलेगा तो मैक्सिमम कितना होना चाहिए? उस के ऊपर पहले तो कहा कि टैन टाइम्स होना चाहिए फिर बाद में कहा कि ट्वेंटी टाइम्स होना चाहिए। जब पीलू मोदी जी ने कहा कि यू आर विकमिंग मोर सोशलिस्ट तो उन्होंने टेन टाइम्स का सुधार कर के कहा कि ट्वेंटी टाइम्स होना चाहिए। एक और बीस का फर्क होना चाहिए। मैं ने हिसाब लगाया तो 315 रुपये का ट्वेंटी टाइम्स 7000 रुपये आता है। 315 रु० मिनिमम थर्ड और फोर्थ क्लास का हो तो ऊपर वालों को वह कहते है 7 हजार रुपये मिलने चाहिए। .... (व्यवधान) .... मैं एक बात कहता हूं कि 92.7 प्रतिशत के लिए हम एक बात कह कर आए है, तो जो आई० सी० एस०, फर्स्ट क्लास और सैकेंड क्लास के लोग हैं उन के साथ डिस्पैरिटी को कम करने के लिए मजबूती के साथ कदम उठाना पड़ेगा। या हम चाहते है कि उन की तन्खवाहों मे कटौती न की जाय, एक ऐसी प्रिविलेज्ड क्लास बनी रहे जिन के लड़के ही कलेक्टर बनें और दूसरों के न बन पायें? हमारे यहां कलेक्टर आता है स्टेट्स में सेंटर की तरफ से। स्टेट एम्प्लाईज और सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाईज की तन्खवाहों में फर्क है। एक ही जगह में रहने वाले, एक इलाके में रहने वाले और एक ही तरह का काम करने वाले दोनों एम्लाईज की तन्खवाहों में फर्क है। क्योंकि एक स्टेट का कर्मचारी है और एक सेंट्रल गवर्नमेंट का कर्मचारी है। तो यह फर्क क्यों है? यह क्या काम ज्यादा कर लेते - उन से? स्टेट्स के अंदर जो ऊपर से कलेक्टर आते हैं, मैं समझता हूं कि इस पद्धति को खत्म करना होगा। वह नाकामयाब होते हैं और काम नही कर पाते हैं।

आज का सरकारी कर्मचारी अखबर जनता के सामने जा कर कहे, या उन के आन्दोलन होते हैं, मैं समझता हूं कि जनता इस बात को जानती है कि वह निष्ठावान नही रहे, वह सेवा-भावी नही रहे वह ईमानदार नही रहे और जनता उन के मूवमेंट या आन्दोलन को कभी सपोर्ट नही करती चाहे कही भी वह हड़ताल कर ले। मैं कहता हूं कि गवर्नमेंट उन के खिलाफ कोई सख्त कदम क्यों नही उठाती? जो सेक्रेटरीज है, वह केवल टाइम पर आते है, आठ घंटे काम कर लिया और हो गया जब कि 14 घंटे एक वकील काम करता है, 16 घंटे और 20 घंटे काम करता है। लेकिन इन लोगों की हालत क्या है? ...(व्यवधान).. बात यह हैं सभापति जी, कि कोई राजनीतिज्ञ अपनी जबान से किसी को नाराज नही करना चाहता। अटल बिहारी जी ने दो चार बातें कह दी, बड़ा प्रचार होगा, गरीबों की हिमायत

करने वाले बड़े हिमायती पैदा हो गए, फिर पीलू मोदी जी कह देंगे दो चार बातें, ये सारे हिमायती जी हैं ये कभी हिम्मत से यह कह सकते हैं कि सरकारी कर्मचारी ठीक काम नहीं कर रहे हैं . . .

श्री पीलू मोदी (गोधरा): मैं कहने वाला था मगर आपने कह दिया ।

श्री मूलचन्द डागा : सभापति जी, सरकारी कर्मचारियों की एक प्रिविलेज्ड क्लास है । आज हम एक बात कहते हैं कि ओवर टाइम उन को मिलता है, कालेजेज सारे उन के लिए, राशन उन के लिए, घूमने का उन को, हालीडेज उन को, सारी फैसिलिटीज उन को हैं। मैं कहता हू कि उन का मार्केट रेट जरा देख लिया जाय। जरा यह बाजार मे चले जाय और वहा अपनी कीमत पता लगाए कि वहा उन्हे क्या मिलता है ? मैं चव्हाण साहब से कहूगा कि वह उन से कहे कि जरा बाजार मे जाय और देखे वहा क्या मिलता है ? अगर कोई 800 रुपये पाने वाला ज्वाइंट सेक्रेटरी या सेक्रेटरी जरा हिम्मत के साथ बाजार मे जाए और जा कर वहा देखे कि उस मे क्या मिलता है तो 400 रुपये भी उसे नही मिलेंगे । वह तीन घटे भी काम नही करता, । दो घटे भी काम नही करता । एक कागज लेता है, उस मे तीन चश्मे पलटता है । कुछ नही है, यह खाली लोग है जिन्हे केवल अपना कैरियर बनाना है इन्होंने हमारी कमाई पर अपना कैरियर बनाना सीखा है । इन का कैरियर बने, इन के बच्चे अच्छे बने यह इन्होंने सीखा है और जो सरकारी कर्मचारी गरीब है उन लोगों की हालत बिगाड दी ।

चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से ये लोग अपने घरों में काम लेते हैं। एस० पी० के घर में पाच सिपाही काम करते हैं, आठ सिपाही काम करते हैं—यह क्या है ? ये शोषण करने वाले लोग हैं और शोषण कर के अपनी जिन्दगी को बिताते हैं।

इसलिये समाज को आगे बढाने के लिए हम को कुछ सख्त से सख्त कदम उठाने होंगे । बड़ी बड़ी तन्खवाहों को नीचे लायें और नीचेवालों को ऊपर उठाये—तब यह फर्क दूर हो सकेगा ।

SHRI SEZHIYAN (Kumbakonam): It is quite clear that Members on both sides of the House, irrespective of party affiliations, have expressed their almost unanimous opinion that none of them have been satisfied with the outcome of the recommendations of the Third Pay Commission The Third Pay Commission Report has come as a great disappointment to the Central Government employees. It was appointed 3 years ago and it was given broad-based terms of reference. It aroused vast expectations in the minds of the Central Govt employees They expected that the unjust anomalies and disparities would be removed and that some thought, some concrete suggestions would be given in regard to the much—talked about need-based minimum wage It is not as if it is a new phenomenon. This proposal of need-based minimum wage was discussed and accepted at the Fifteenth Labour Conference where in the Government was also a party. At that time the Labour Minister was Shri Gulzarilal Nanda. He was a party to this report The Government later on, after the agitation of the Central Government employees, included in the terms of reference examination of the proposal of

[Shri Sezhiyan]

need-based minimum wage. If it is not possible to give the need-based minimum wage of Rs. 314, certainly, the Members who have spoken on the other side have accepted that the present recommendation of Rs. 185 is very much below, far below, than even the minimum wage that could be calculated by any norm. It is not a question of inadequacy, it is not a question of paucity of funds. More than that, it is a question of injustice, it is a question of growing disparity which has come in, thanks to the recommendations of the Pay Commission.

It has been pointed out by the previous speakers that better scales of pay are available in other industries like steel, sugar, banking and coal; in addition, those employees in those industries are entitled to get a minimum bonus of 8 1/3 per cent. It is high time that Govt. gave a second thought to this aspect of the minimum wage for the Government employees also.

Mr. Daga who spoke previous to me pointed out that when you are crying so much and pleading for the Government employees, what about those poor people who live in the countryside, persons who do not get one square meal a day. But, that is quite beside the point under discussion. This Pay Commission was specifically appointed to go into the pay scales of the Govt. employees and to talk about some other thing, to divert the attention, will not be solving the problem at all. If the Government are quite convinced that unless and until the lowest strata of society in the villages are given higher standard of living and there is no use in having pay commissions, etc. they should put aside all these things and go in and try to remove the poverty in the villages. Therefore, at this stage, to come and say that Government employees do not work even for four hours or five hours, that they don't deserve anything, etc. shows only your own inefficiency, that you are not able to control them. Therefore, that will not be any argument at all to deny them,—to deny the lowest strata of Government employees,—their due.

Sir, about the Planning Commission, it is often said that, thanks to its role in planning, the rich people have grown richer while the poor became poorer. The same thing can be said about the Pay Commission also. In every Pay Commission's report, those who are in the higher echelons in the Government are getting more and more but for those in the lowest strata their real income is going down.

Among those who are doing the same kind of work and wielding same kind of responsibility, there is a growing class-consciousness in so far as they treat the I. A. S. cadre far above the science and technology cadres. So, when we talk of giving priority to the science and technology in our planning and development, we have not given the same status due to them in the matter of pay structure and status. In contrast with the position the I. A. S., Class I people of the scientific and technical service occupy a low and inferior position both in respect of pay scales and in respect of career prospects. Instead of bridging the gap between these two, the Pay Commission has widened the gap and pushed up the I.A.S. scale only. Here I am not only talking about the maximum and minimum pay that has been fixed but we should also look into the maximum and minimum pay scales and see how far a person who enters the I.A.S. service and a person who joins the Government service as a technologist or scientist is able to go up.

If you take the distribution of the employees in government service, of those who are in the I.A.S., as much as 30.5 per cent are above Rs. 2,000 pay band, and about 75 per cent of the IAS are above Rs. 1,100 grade. That means, a person who joins the I A.S. is sure to go to the top level of more than Rs. 2,000.

If we take a medical man who has joined the Government, we find that about 20 per cent of them are to be content with and end with their service with a grade of Rs. 1,100. For the

[Shri Sezhiyan]

engineering service also, it looks as if as much as 85 per cent of them has to remain and retire from Government service with the grade of Rs. 900—1100. The same thing can be said about the scientific and non-technical people. There is this disparity. Among the arguments advanced in the Pay Commission Report are that the district responsibilities are onerous for the I.A.S. people with the field experience which is crucial to policy-making and that export advice should be tested with the vast experience acquired in various areas of administration.

We should also find out how far and how long an IAS officer works in the field. I think that after four or five years, he comes back to the Secretariat. Bulk of the IAS cadre you will find not in the field but in the Secretariat—in the chosen headquarters. But, if we take an engineer or a medical officer, more than anybody else, they do the field service in remote and uninhabitable places. I do not know why the same kind of treatment and patronage should not be given to them. In other words, I do not want to under-estimate the importance to be given to the I.A.S. cadre to attract the best brains in the country to that service. But, at the same time, I do not also want the other services to go uncared for. Without overemphasising the importance of one undertaking or the other, I think some parity should be arrived at between these two classes. From the States, there has been a representation and a demand to increase the quota of promotion to the IAS in the States from 25 to 40 per cent.

That has been examined by the Pay Commission also. Though they have not given a decision, they accepted the principle that it should be more than 25 per cent. I understand the Home Ministry is having this matter under consideration and I hope they will bestow favourable decision.

Regarding pension matters, I would make a request to the Home Minister. Though the Pay Commission have recommended increases in the scales of pension and raised the overall ceiling for pension, the benefit starts only from a later date. The existing government pensioners should also get the benefit of these concessions. We have sent a petition also to the Finance Minister and he has been kind enough to assure us that he would consider it. Pension is not an *ex gratia* payment, but a deferred service benefit. The Pay Commission did not consider the case of the existing pensioners because they thought it fell outside their terms of reference. Government should give consideration to the appeal of the pensioners.

As for the effective date, when the Pay Commission was appointed, it was clear from the Government Resolution that it referred to all employees serving on date of appointment of the Commission and not on the date of submission of the Report. The First Commission took one year, the Second Pay Commission, I understand, took two years and the Third Pay Commission has taken three years. I do not know; the Fourth Pay Commission may take four years. The benefit should be given irrespective of the time taken. If they had submitted their Report on 31st December 1972, then those who retired on 1st January would have benefitted, but because the Report was delayed for no fault of the retiring persons, they should not be penalised.

Therefore, two aspects should be taken care of. What was the date of appointment of the Commission? It was March 1970. This should be given with effect from that date. Whenever a wage board goes into a question of temporary relief, the date is relevant. In this case, the date of temporary relief was 1st March 1970. So the implementation of the Pay Commission recommendation regarding pensioners should be from that date.

Apart from that, the existing pensioners also should get the benefit. The DA should be calculated for pensioners on the pension amount on the same

[Shri Sezhiyan]

terms as is calculated on the basic salary of an employee. That will take care of that.

Regarding scales of pay, it is a well known fact that at a time when unemployment is at its zenith for the educated as well as the uneducated, one can hope to get into service at the 25th year leaving him about 33 serviceable years only. During the tenure of service, all of them cannot get into higher grades. Further, the present grades are overlapping one another, especially after ten years and benefits on promotion are hardly worth counting. Hence the grades should be so rationalised that on promotion there should be a reasonable minimum difference of Rs. 30/- between the grade and the promotional grade

Regarding encashment of leave, some State Governments give this facility of conversion of life-over earned leave, of average pay leave and half-pay leave into cash, at the time of superannuation or premature death. This is paid to the employee or his nominee. I hope Government will give due consideration to giving this facility to the Central Government employees too.

There are many other small points I wanted to touch on, wherein the differentiation is very much. I will quote two instances. In ordnance factories the grade of Supervisor 'A' (Rs. 205—280) and that of Supervisor 'B' (Rs 150—240) are being merged into a single grade Rs. 380—540. In the Central Government service, grades of Rs. 205 – 280 have been revised to the scale Rs. 425—700 Why this differentiation between the two? I do not know why there is differentiation. There seems to be another kind of differentiation also based on the office you work. A Stenographer working in the All India Radio and a Stenographer working in the Central Government are getting different scales of pay. A driver in the All India Radio gets a pay which is different from the pay that a driver in the Central Government Secretariat gets. What is the principle behind this differentiation? It should not depennd upon the office where a person works.

The Minister has assured that the Government would take a final decision, about the two different classes of Income Tax officers after the report of the Pay Commission had been received. Now that the report had been received, it is hightime that a decision is taken as recommended by the Public Accounts Committee.

There is no use in asking the Central Government Employees or the workers not to go on strike and bandh. They indulge in these things only as a last resort. Before freezing the strike and bandhs, before freezing the wages, Government should try to freeze inflation and the rising prices in the country. It will be the only answer to the growing agony in this country.

DR. KAILAS (Bombay South): Mr Chairman, Sir, before I comment on the Third Pay Commission Report, I would like to examine the basis on which this Commission has sent its recommendations. Has the Pay Commission cared to see the resources of Central Government and demands thereon such as Development Planning, Defence and National security, the repercussions on the State Governments, Public Sector Undertakings, local bodies etc? Do the Commission's recommendations suggest that the Government should be a model employer so that its role as prime regulator of wage policy for the entire country and the responsibility to secure for all workers a living wage assumes a moral content and effectiveness? Has the Commission tried to work out and suggest what I.L.O, several committees, commissions, Courts and Tribunals have upheld namely the principle that the minimum need wage should be paid? Has the Pay Commission suggested wages commensurate with the level of per capita national income or consumption in the country? The Report in my opinion has not done justise to these questions.

The annual per capita income in 1971-72 was Rs. 660/- and the average index was 253. The lowest pay of Rs. 185/- suggested by the Third Pay Commission is great injustice to the employees.. The Government is committed to the policy of garibi hatao and removal of unemployment.

17.49 hrs.

[SHRI SEZHIYAN *in the Chair*]

